भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 554
गुरुवार, दिनांक 21 नवम्बर, 2016 को उत्तर देने हेतु

<u>भू-तापीय ऊर्जा का उत्पादन</u>

554. डा॰ विकास महात्मेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भू-तापीय ऊर्जा को पर्यावरण अनुकूल और कम लागत की माना जाता है; और

(ख) क्या देश में कहीं पर भी ऐसी ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है और यदि हां, तो इसका उत्पादन कैसे बढ़ाया जा सकता है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री पीयूष गोयल)

(क) भू-तापीय ऊर्जा एक स्वच्छ, सुरक्षित धारणीय और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्रोत है। तथापि, भू-तापीय ऊर्जा के समुपयोग की लागत विश्व भर में 30 करोड़ रु./मेगावाट तक महंगी है।

(ख) देश में अभी तक किसी भू-तापीय विद्युत संयंत्र की स्थापना नहीं की गई है।

(ग) भू-तापीय ऊर्जा का विकास नहीं होने के कारण इसकी स्थल-विशिष्ट प्रकृति, महंगी पूंजी लागत और भारत में कम/मध्यम भू-तापीय संभाव्यता है।

*****